# दिल्ली पुलिस ने हेरोइन की तस्करी कर रहे चार लोगों को किया गिरफ्तार



दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा द्वारा गिरफ्तार हेरोइन के सप्लायर। (छाया : एएनआई)

नई दिल्ली, (वीअ)। दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा ने शहर में कथित तौर पर हेरोइन की तस्करी कर रहे चार लोगों को गिरफ्तार किया है।अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों के पास से 12 किलोग्राम प्रतिबंधित मादक पदार्थ जब्त किए गए। इस मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 48 करोड़ रूपये आंकी गई है। उन्होंने बताया कि आरोपियों की पहचान उत्तर प्रदेश के बरेली जिले के शाहनवाज, दिल्ली के सचिन और मणिपुर के अब्दुल रजाक तथा इर्दिश के तौर पर हुई है। मामले से जुड़ी विस्तृत जानकारियां मिलनी अभी बाकी है।

# दो नाबालिग लड़कियों से बलात्कार के लिए पुजारी को आजीवन कारावास

नई दिल्ली, (वीअ)। दिल्ली की एक अदालत ने एक पुजारी को मंदिर में दो नाबालिग लड़कियों के साथ बलात्कार करने के लिए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने कहा कि उसने एक पुजारी के रूप में लोगों की उससे जुड़ी आस्था की भी परवाह नहीं की और पूजा स्थल को अपवित्र किया, जहां बच्चों को एक सुरक्षित माहौल मिलना चाहिए था।

अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट विजेता सिंह रावत ने कहा कि 76 वर्षीय पुजारी विश्व बंधु ने एक मंदिर के पवित्र परिसर के भीतर बच्चों के साथ अपराध किया और अगर ऐसे शिकारी को मुक्त कर दिया जाता है तो अदालत भी अपना कर्तव्य निभाने में विफल हो जाएगी। न्यायाधीश ने कहा, सुनवाई के किसी भी चरण में कोई पछतावा व्यक्त नहीं किया गया था। इस मामले के तथ्यों और परिस्थितियों में, यदि उदारता दिखाई जाती है, तो यह अदालत उन बच्चों को नीचा दिखाएगी, जिन्होंने मामले को आगे बढ़ाने के लिए सभी बाधाओं का सामना किया है। इन पीड़ितों को भविष्य के लिए आहत किया गया है।

# सौ से अधिक लोगों से धोखाधड़ी के आरोप में दो लोग गिरफ्तार

**वीर अर्जुन संवाददाता**

नई दिल्ली। लॉकडाउन के दौरान शराब और खाद्य सामग्री की होम डिलीवरी का वादा कर 100 से अधिक लोगों को ठगने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपियों की पहचान राजस्थान के भरतपुर जिले के निवासी तारिफ खान (24) और तौफीक (22) के रूप में हुई है।

अधिकारियों ने बताया कि एक पीड़ित ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि एक व्यक्ति ने उसके साथ 82,500 रुपये की धोखाधड़ी की। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि शिकायतकर्ता के कार्यालय में सेवानिवृत्ति का कार्यक्रम था, जिसके लिये उसने भोजन के पैकेट की डिलीवरी करानी चाही। उसने इंटरनेट पर उल्लिखित एक मोबाइल नंबर पर संपर्क किया, जिसमें एक प्रसिद्ध मिठाई की दुकान से होम डिलीवरी का वादा किया गया। अधिकारी ने कहा कि शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपी ने बताया कि वह फूड ज्वाइंट का कर्मचारी है। उसने शिकायतकर्ता को अग्रिम भुगतान के लिए बार कोड भेजा। बार कोड को स्कैन करने के बाद शिकायतकर्ता के खाते से चार अलग-अलग लेनदेन के तहत 82,500 रुपये काट लिए गए।पुलिस ने कहा कि जांच के दौरान पता चला कि मेवात के पुन्हाना में पंजीकृत बैंक खातों में यूपीआई आईडी से पैसे ट्रांसफर किए गए। अपराध के लिए ओडिशा के फर्जी मोबाइल नंबरों का इस्तेमाल किया गया, जिसमें हरियाणा के मेवात, राजस्थान के भरतपुर और तेलंगाना के खम्मम के स्थान दिखाए गए थे।पुलिस उपायुक्त (उत्तर) एंटो अल्फोंस ने कहा कि मोबाइल नंबरों को निगरानी में रखा गया और उत्तर प्रदेश के आगरा के पास आरोपियों को पकड़ लिया गया। पुलिस के अनुसार, पहले आरोपी ऑनलाइन एक्सचेंज के जरिए ठगी करते थे।

# केंद्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान, गाजियाबाद ने अपने परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम किया

गाजियाबाद, (वीअ)। केंद्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान, गाजियाबाद ने दिनांक 6 अगस्त, 2021 को अपने परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम किया जिसका उद्घाटन संस्था के निदेशक श्री अम्बर किशोर झा, भा.पु.से. द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ किया गया। इस दौरान परिसर में आवंला, अमरुद, जामुन और गुलमोहर आदि के पौधे लगाए गए। जिसका उद्देश्य परिसर में सदैव हरियाली तथा आस-पास के वातावरण को प्रदूषण मुक्त बनाये रखना है। इस अवसर पर संस्था के सभी अधिकारियों एवं कार्मिकों ने भी पौधारोपण कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया।

इस अवसर पर उप प्राचार्य, विरेन्द्र कुमार, पुलिस उपाधीक्षक, श्री विजेंद्र पाल शर्मा, श्री आदेश त्यागी, श्री सतवीर सिंह, श्री पी.पी.कर्णवाल, डॉ सुधीर कांत शर्मा, श्री बीरेन्द्र कुमार, प्रभारी जन संपर्क अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ उपस्थित थे ।



केंद्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान, गाजियाबाद ने 6 अगस्त, 2021 को अपने परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम किया जिसका उद्घाटन संस्था के निदेशक अम्बर किशोर झा, भा.पु.से. द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ किया गया।

# किसानों की फसल बेच कर उनसे 3.5 करोड़ की ठगी करने का आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली, (वीअ)। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने 60 से अधिक किसानों को अधिक मुनाफा देने के बहाने, उनकी बेची गई फसलों की आय अपने पास रखने के लिए राजी कर उन्हें ठगने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि आरोपी प्रेमचंद (60) ने 64 किसानों से करीब 3.5 करोड़ रुपये ठगे हैं।

उन्होंने बताया कि भोले-भाले किसानों ने नरेला अनाज मंडी में आरोपी की दुकान में अपनी फसल एवं अनाज बेचा था। चूंकि आरोपी व्यापारिक घाटे के कारण कर्ज में डूबा हुआ था, इसलिए उसने अधिक मुनाफा देने का भरोसा देकर, किसानों की फसल बेचने के बाद उन्हें मिली रकम अपने पास रखना शुरू कर दिया और उसके लिए रसीदें जारी कीं।

पुलिस ने बताया कि जब किसानों ने अपना पैसा वापस मांगा तब प्रेमचंद ने दुकान बंद कर दी और फरीदाबाद भाग गया। उन्होंने बताया कि किसानों के समूह द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर प्रेमचंद के खिलाफ जांच शुरू की गई।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (आर्थिक अपराध शाखा) आर के सिंह ने कहा, मामले की जांच में सामने आया कि आरोपी ने 2017-18 से किसानों द्वारा उसे बेची जा रही फसलों एवं अनाज की कीमत को अपने पास रखा और उन्हें बदले में ज्यादा ब्याज दर देने का लालच दिया। किसानों ने उस पर भरोसा कर लिया क्योंकि उसने उन्हें आश्वासन दिया था कि नरेला मंडी वाली उसकी दुकान और घर की कीमत करोड़ों में हैं।

किसानों को बाद में पता चला कि नरेला मंडी की दुकान-सह-आवास, बैंकों के पास गिरवी था और भुगतान न करने के कारण बैंक द्वारा संपत्ति की नीलामी की गई थी। प्रेमचंद के खिलाफ गैर जमानती वारंट भी जारी किया गया था। अधिकारी ने बताया कि आरोपी को तीन अगस्त को फरीदाबाद से गिरफ्तार किया गया।

# साइबर ठगी के मामले में तीन लोग नोएडा से गिरफ्तार

नोएडा (उप्र), (वीअ)। साइबर अपराध थाना पुलिस ने 60 लाख रुपए की साइबर ठगी के मामले में शुक्रवार को तीन लोगों को गिरफ्तार किया। तीनों आरोपी जनपद बरेली के कैथल गांव के रहने वाले हैं। उत्तर प्रदेश के पुलिस अधीक्षक (साइबर अपराध) डॉक्टर त्रिवेणी सिंह ने बताया कि तरुण बार्ष्णेय नामक एक व्यक्ति ने नोएडा के सेक्टर 36 स्थित साइबर क्राइम थाने में मामला दर्ज कराया था कि कुछ लोगों ने उनसे संपर्क किया तथा ब्रिटेन में जमीन देने के बारे में बातचीत की। आरोपियों ने उन्हें बताया कि उनके नाम का एक व्यक्ति ब्रिटेन में रहता था, जिसकी मौत हो गई है और वह मृतक की संपत्ति उनके नाम करा देंगे।सिंह ने बताया कि ठगों ने तरुण से विभिन्न खातों में करीब 60 लाख रुपए स्थानांतरित करवा लिए। तरुण को पता चला कि उनके साथ ठगी हुई है और उन्होंने मामला दर्ज कराया। मामले की जांच कर रही साइबर क्राइम थाने के प्रभारी निरीक्षक रीता यादव तथा उनकी टीम के लोगों ने आज अलीमुद्दीन, अनिस तथा असलीम नामक तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

# अदालत ने हत्या मामले में पहलवान सुशील कुमार के खिलाफ दायर आरोपपत्र का संज्ञान लिया

नई दिल्ली, (वीअ)। दिल्ली की एक अदालत ने ओलंपिक पदक विजेता पहलवान सुशील कुमार और उसके 12 अन्य साथियों के खिलाफ सागर धनखड़ हत्याकांड में दिल्ली पुलिस की ओर से दायर आरोपपत्र का शुक्रवार को संज्ञान लिया।

मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (सीएमएम) सतवीर सिंह लांबा ने आरोपपत्र का संज्ञान लिया और सभी आरोपियों को अंतिम रिपोर्ट की प्रतियां सौंपने के लिए मामले की सुनवाई 20 अगस्त के लिए निर्धारित की।

धनखड़ और उसके चार दोस्तों के साथ संपत्ति विवाद को लेकर चार और पांच मई की दरम्यानी रात को स्टेडियम में कुमार और अन्य ने कथित तौर पर मारपीट की थी। बाद में, जख्मों के कारण सागर की मौत हो गई थी। पुलिस ने हत्या के इस मामले में तीन अगस्त को आरोपपत्र दायर किया था जिसमें कुमार को मुख्य आरोपी नामजद किया गया है।

आरोपपत्र में, पुलिस ने सागर का मौत के वक्त दिया बयान, आरोपी की मौजूदगी वाली जगह, सीसीटीवी फुटेज और मौके से बरामद वाहनों समेत वैज्ञानिक साक्ष्यों का सहारा लिया है। भारतीय दंड संहिता के तहत हत्या समेत 22 अपराधों के लिए मुकदमा चलाने का अनुरोध करते हुए इसमें कहा गया, जांच के दौरान अब तक एकत्र की गई सामग्रियों जिनका ऊपर उल्लेख किया गया है, उससे सभी आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य हैं। आरोप-पत्र में अभियोजन पक्ष के 155 गवाहों के नाम का उल्लेख है, जिनमें वे चार लोग भी शामिल हैं जो इस विवाद के दौरान घायल हो गए थे। दिल्ली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास, गैर इरादतन हत्या, आपराधिक साजिश, अपहरण, डकैती, दंगा जैसे अपराधों के लिए प्राथमिकी दर्ज की थी।

# उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक ने रेल दोहरीकरण तथा समपार फाटकों का निरीक्षण किया

नई दिल्ली, (वीअ)। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक आशुतोष गंगल ने आज मंडल रेल प्रबंधक, मुरादाबाद तरुण प्रकाश महोदय के साथ बालामऊ - सीतापुर सिटी - रोजा - मुरादाबाद रेल खंड का निरीक्षण किया। इस अवसर पर प्रधान कार्यालय तथा मुरादाबाद मंडल के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे ।

सर्वप्रथम महाप्रबंधक श्री आशुतोष गंगल अधिकारियों के साथ विशेष ट्रेन से बालामऊ स्टेशन पहुंचे। यहां से नैमिषारण्य स्टेशन पहुंच कर स्टेशन का गहन निरीक्षण किया। नैमिषारण्य स्टेशन पर आज से नया UTS cum PRS काउंटर (अनारक्षित एवम् आरक्षित टिकट काउंटर) शुरू किया गया है जिसका महाप्रबंधक ने निरीक्षण किया। अब नैमिषारण्य स्टेशन पर टिकट आरक्षण की सुविधा उपलब्ध हो गई है। इसके बाद नैमिषारण्य स्टेशन पर नए बनाए गए रीटायरिंग रूम का निरीक्षण किया।



उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक आशुतोष गंगल निरीक्षण करते हुए।

इसके पश्चात सीतापुर सिटी स्टेशन पहुंच कर स्टेशन का निरीक्षण किया। सीतापुर से चलने के बाद नेरी स्टेशन तक विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। नेरी स्टेशन में स्टेशन का स्थलीय निरीक्षण तथा रेल लाइन दोहरीकरण का कार्य की समीक्षा की।

इसके पश्चात मैगलगंज में जनप्रतिनिधियों के साथ महाप्रबंधक ने शिष्टाचार भेंट की तथा मैगलगंज स्टेशन का निरीक्षण किया। जहानीखेड़ा में स्टेशन मास्टर कार्यालय का निरीक्षण कर संरक्षा को परखा।

जंगबहादुर गंज स्टेशन का निरीक्षण किया तथा डीसीएम श्रीराम शुगर मिल के जीएम श्री सुधीर अग्रवाल से नए ट्रैफिक को लाने तथा जंगबहादुर गंज में नया गुड्स शेड खोलने पर मीटिंग की। जंग बहादुर गंज स्टेशन से रोजा स्टेशन के मध्य विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया।

# अंतरिम जमानत पर जेल से छूटे शख्स ने पत्नी की हत्या की, अदालत ने लगाई पुलिस को फटकार

नई दिल्ली, (वीअ)। एक स्थानीय अदालत ने अंतरिम जमानत पर रिहा किए गए एक व्यक्ति द्वारा अपनी पत्नी की कथित तौर पर हत्या किये जाने पर दिल्ली पुलिस को फटकार लगाई और कहा कि अधिकारियों की ढिलाई के कारण वह एक असहाय पीड़ित की रक्षा करने के अपने कर्तव्य में विफल रही है।

आरोपी नंदा नायक ने अंतरिम जमानत पर रद्द होने पर जेल में आत्मसमर्पण करने से पहले अपनी पत्नी झरना की कथित तौर पर हत्या कर दी जो उसके खिलाफ दर्ज मामले में एक प्रत्यक्षदर्शी थी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अनुज अग्रवाल ने कहा कि पुलिस ने 16 जुलाई के आदेश का सख्ती से पालन नहीं किया जिसमें उसे आरोपी की पत्नी की सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया था।

न्यायाधीश ने दिल्ली पुलिस के आयुक्त से मामले पर निजी तौर पर गौर करने, दोषी अधिकारियों की जवाबदेही तय करने और उनके द्वारा उठाए गए सुधारात्मक कदम पर रिपोर्ट सौंपने का आग्रह किया है।

न्यायाधीश ने पांच अगस्त के आदेश में कहा, अधिकारियों की ढिलाई के चलते एक अनमोल मानवीय जीवन चला गया। व्यवस्था असहाय पीड़ित की अपराध से रक्षा करने के अपने पवित्र कर्तव्य का निर्वहन करने में विफल रही है।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने कहा कि दिल्ली पुलिस का आदर्श वाक्य 'शांति, सेवा, न्याय' इस मामले में खरा नहीं उतरा है।

**In The Court of Ms. Sheetal Chaudhary Prdhan, ACJ/CCJ/ARC-(South-East) Room No. 203, Second Floor, Saket Courts, New Delhi.**
**SS-82/2021**

**1. Smt. Rihana Yaseen** W/o Late Mohd. Salim Beg
**2. Ms. Firdaus Baig** D/o Late Mohd. Salim Beg
**3. Ms. Farha Baig** D/o Late Mohd. Salim Beg
**4. Mohd. Feroz Beg** S/o Late Mohd. Salim Baig **All R/o** Flat No.216, Ground Floor, Pocket-F, Sarita Vihar, New Delhi-110076

**.....Applicants**
**Versus**

**1. The State Govt of NCT of Delhi**
**2. Branch Head** Branch Office Life Insurance Co. of India Ashoka Estate, Ground Floor, Barakhamba Road, Cannaught Place, New Delhi-110001
**3. Branch Manager Canara Bank** Branch So Commercial Complex 4, Sidharth Enclave Maharani Bagh, New Delhi-110014.
**4. Manager M/s N.J. India Invest Pvt. Ltd.** Office add. FF-01, SCO-100, Sector-16, Faridabad, Haryana-121002
**5. Branch Manager Union Bank of India** Branch G-101, First Floor, F & G Market, Sarita Vihar, New Delhi-110076
**6. Smt. Sarita Beg** W/o Late Mohd. Salim Beg R/o Flat No. 216, Ground floor, Pocket-F, Sarita Vihar, New Delhi-110076.

**.....Respondents**

Whereas, on application U/s 372 of the Indian Succession Act, 1925 has been made by **Smt. Rihana Yaseen & Ors.** successor of **Late Mohd. Salim Beg** for grant of Succession Certificate in respect of debts/securities of deceased.
And whereas the said applicant shall come for hearing on **03.09.2021 at 10.00 A.M.**
Therefore the public at large is hereby given notice if any person has objection to the grant of succession certificate in favour of the said applicant he may appear and file objection in writing, in person or through duly appointed pleader, on the said date and time.
Given under my hand and seal on **30.07.20 21.**
**Seal** **Sd/-**
**ACJ/CCJ/ARC-(South-East) Saket Courts, New Delhi.**

**मेयर एपेरल लिमिटेड**
CIN No.: L1810HR1993PLC032010
**पंजीकृत कार्यालय: नं. 3 एवं 4, मुस्तिल नं. 19, किला नं. 5, टाटा कंसल्टेंसी के सामने, एनएच-8, गांव नरसिंहपुर गुरूग्राम-122004, हरियाणा, भारत**
**सूचना**
सेबी (सूचीयन बाध्यताएं एवं प्रकटन आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 47 के साथ पठित विनियम 29 के अनुसरण में एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि मेयर एपेरल लिमिटेड के निदेशक मंडल की बैठक शुक्रवार, 13 अगस्त, 2021 को अप. 1.30 बजे पंजीकृत कार्यालय: नं. 3 एवं 4, मुस्तिल नं. 19, किला नं. 5, टाटा कंसल्टेंसी के सामने, एनएच-8, गांव नरसिंहपुर गुरूग्राम-122004 में आयोजित की जाएगी जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ 30 जून, 2021 को समाप्त तिमाही के लिए कम्पनी के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों तथा अन्य मदों के संबंध विचार एवं अनुमोदन किया जाएगा। वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक माध्यम द्वारा बोर्ड सदस्यों की भागीदारी की व्यवस्था की जाएगी। उपरोक्त सूचना कम्पनी की वेबसाइट https//:www.meyerapparel.com और बीएसई, जहां कम्पनी के शेयर सूचीबद्ध है, की वेबसाइट https://www.bseindia.com पर उपलब्ध है।
**कृते मेयर एपेरल लिमिटेड**
**हस्ता./-**
**स्थान: गुरूग्राम** **विजय गर्ग**
**दिनांक: 6 अगस्त, 2021** **कम्पनी सचिव**

**In The Court of Ms. Sheetal Chaudhary Prdhan, ACJ/CCJ/ARC-(South-East) Room No. 203, Second Floor, Saket Courts, New Delhi.**
**SS-94/2021**

**Mr. George Varghese** S/o Late Mr. P.V. Varghese R/o C-86, Defence Colony, New Delhi-110024 Mob. No. 9810086656 **.....Petitioner**
**Versus**
**State of National Captital** Territory of Delhi Through its Chief Secretary Delhi Secretariat, IP Estate, New Delhi-110002.
**......Respondent**

Whereas, on application U/s 372 of the Indian Succession Act, 1925 has been made by **Mr. George Varghese** successor of **Late Thomas Varghese** for grant of Succession Certificate in respect of debts/securities of deceased.
And whereas the said applicant shall come for hearing on **30.09.2021 at 10.00 A.M.**
Therefore the public at large is hereby given notice if any person has objection to the grant of succession certificate in favour of the said applicant he may appear and file objection in writing, in person or through duly appointed pleader, on the said date and time.
Given under my hand and seal on **28.07.2021.**
**Seal** **Sd/-**
**ACJ/CCJ/ARC-(South-East) Saket Courts, New Delhi.**

**In The Court of Sh. Rohit Gulia, Administrative Civil Judge, South District, Saket Courts Complex, New Delhi.**
**Succ. Petition No. 82/21**
**Dropti**
**V/s.**
**State**
**NDOH 12.10.2021**
**(Memo of Parties)**

**Dropti** W/o Lt. Ramji Lal R/o H. No. 159, Block-16, Dakshinpuri Extn., South Delhi-110062. **....Petitioner**
**Vs**
**1. State ......Respondent**
**To,**
**The State/General public**

Whereas, an application U/S 372 of the Indian Succession Act, 1925 has been made by **Smt. Dropti** claiming to be successor of **Late Sh. Ramji Lal** for grant of Succession Certificate in respect of debts /securities of said deceased.
And whereas the said applicant shall come for hearing on **12th October 2021 at 10.00 A.M.**
Therefore, the public at large is hereby given notice if any person has objection to the grant of succession certificate in favour of the said applicant, he may appear and file objections in writing, in person or through duly appointed pleader, on the said date and time.
Given under may hand and seal of the Court on this **03rd day of August, 2021.**
**Seal** **Sd/-**
**Administrative Civil Judge, South District, Saket Courts Complex, New Delhi.**

**शारदा मोटर इण्डस्ट्रीज लि.**
**(CIN: L74899DL1986PLC023202)**
**पंजीकृत कार्यालय: डी-188, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, नई दिल्ली-110020**
**फोन नं. +91 11 4733 4100, फैक्स:+91 11 2681 1676,**
E-Mail: investorrelations@shardamotor.com, Website: www.shardamotor.com
सेबी (सूचीयन बाध्यताएं एवं प्रकटन आवश्यकताएं) विनियम, 2015 तथा अन्य लागू प्रावधान, यदि कोई हो, के अनुसरण में एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की बैठक शुक्रवार, 13 अगस्त, 2021 को आयोजित की जाएगी जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ 30 जून, 2021 को समाप्त पहली तिमाही के लिए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार एवं अनुमोदन किया जाएगा।
कथित सूचना कम्पनी की वेबसाइट www.shardamotor.com पर भी उपलब्ध है और इसे स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट अर्थात www.bseindia.com एवं www.nseindia.com पर भी देखा जा सकता है।
**कृते शारदा मोटर इण्डस्ट्रीज लि.**
**हस्ताक्षर**
**दिनांक: 06.08.2021** **नितिन विश्नोई**
**स्थान: नई दिल्ली** **कंपनी सचिव**

**राठी बार्स लिमिटेड**
**पंजीकृत कार्यालय: ए-24/7, मोहन को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रियल एस्टेट, मथुरा रोड, नई दिल्ली-110044, दूरभाष: 011-42760373,42730360**
**वेबसाइट** www.rathisteels.com, **ई-मेल** rathibars@hotmail.com,
CIL: L74899DL1993PLC054781
**सूचना**
सेबी (सूचीयन बाध्यताएं एवं प्रकटन आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 47 के साथ पठित विनियम 29 के अनुसरण में एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की बैठक **शनिवार, 14 अगस्त, 2021 को अप. 4.00 बजे** आयोजित की जाएगी जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ **30 जून, 2021** को समाप्त तिमाही के लिए कम्पनी के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार एवं अनुमोदन किया जाएगा।
कथित सूचना कम्पनी की वेबसाइट www.rathisteels.com और स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com से भी प्राप्त की जा सकती है।
**कृते राठी बार्स लिमिटेड**
**हस्ता./-**
**स्थान: नई दिल्ली** **कंपनी सचिव व अनुपालन अधिकारी**
**दिनांक: 07.08.2021** **सतिन्दर सिंह**

**विनट्रान इनफॉरमेटिक्स लि.**
CIN: L72100DL1991PLC045276
**पंजी. कार्या.: डी-107 एवं 108, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-1, नई दिल्ली-110020**
**फोन: ईपीएबीएक्स-43740000, फैक्स: 91-11-43740040**
**ई मेल:** vil_vintron@hotmail.com **वेबसाइट:** www.vintroninformatis.com
**सार्वजनिक सूचना**
सेबी (सूचीयन बाध्यताएं एवं प्रकटन आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 29 एवं 33 के साथ पठित विनियम 47 के अनुसरण में एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की 40वीं बैठक शुक्रवार, 13 अगस्त, 2021 को आयोजित की जाएगी जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ वित्तीय वर्ष 2021-2022 के दौरान 30 जून, 2021 को समाप्त पहली तिमाही के लिए एकल अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार, अनुमोदन, हस्ताक्षर कर उन्हें रिकार्ड में लिया जाएगा।
इसके अलावा, सेबी (सूचीयन बाध्यताएं एवं प्रकटन आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 30 एवं 51 के अनुसरण में कम्पनी के प्रोमोटर्स, निदेशकों एवं मुख्य प्रबंधन कार्मिकों (केएमपी) सहित सभी पदनामित व्यक्तियों के लिए कम्पनी की ट्रेडिंग विन्डो सेबी (आंतरिक व्यापार का निषेध) विनियम, 2015 के साथ पठित ाांतरिक व्यापार की रोकथाम के लिए कम्पनी की आचार संहिता के अनुसरण में आम जनता के लिए शुक्रवार, 13 अगस्त, 2021 को आयोजित बोर्ड बैठक में 30 जून, 2021 को समाप्त पहली तिमाही के लिए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार करने एवं रिकार्ड में लेने के लिए 7 दिन पूर्व एवं 3 दिन बाद तक बंद रहेगी। इसके अलावा, यह सूचना बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट (www.bseindia.com) जहां कम्पनी की प्रतिभूतियां सूचीबद्ध है, और कम्पनी की वेबसाइट (www.vintroninformatics.com) पर भी उपलब्ध होगी।
**बोर्ड के आदेशानुसार**
**कृते विन्ट्रॉन इंफॉर्मेटिक्स लिमिटेड**
**हस्ता./-**
**(अरविन्द शर्मा)**
**स्थान: नई दिल्ली** **प्रबंध निदेशक**
**दिनांक: 6 अगस्त, 2021** **डीआईएन: 00012177**

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध तरीके से रह रहे 30 विदेशी नागरिक गिरफ्तार, चार मकान मालिकों के खिलाफ मामले दर्ज

नई दिल्ली, (वीअ)। पुलिस ने जुलाई में शुरू किए गए विशेष अभियान के तहत दिल्ली में अवैध तौर पर रह रहे 30 विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया और यात्रा दस्तावेज की पड़ताल किए बिना आवास देने के लिए चार मकान मालिकों के खिलाफ भी मामले दर्ज किए गए हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। बाहरी दिल्ली के निहाल विहार के चंद्र विहार इलाके में बुधवार को चलाए गए इस तरह के अभियान में नाइजीरिया के 10 और आइवरी कोस्ट के एक नागरिक सहित 11 विदेशी नागरिक भारत में बिना वैध पासपोर्ट या वीजा के रहते पाए गए। पुलिस उपायुक्त (बाहरी) परविंदर सिंह ने बताया, विदेशी कानून की संबंधित धारा के तहत बृहस्पतिवार को मामला दर्ज किया गया और सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि वैध यात्रा दस्तावेजों की जांच किए बिना आवास उपलब्ध कराने के लिए मकान मालिकों के खिलाफ चार प्राथमिकियां भी दर्ज की गई हैं। सिंह ने बताया कि विशेष अभियान के तहत अवैध रूप से रहने वाले पांच विदेशी नागरिकों को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया गया था जबकि 24 जुलाई को पुलिस ने ऐसे 14 लोगों को गिरफ्तार किया था।

### 50 लाख रुपए की रंगदारी मांगने वाला एक शातिर अपराधी गिरफ्तार

नोएडा (उप्र), (वीअ)। नोएडा में स्थित एक प्रसिद्ध विश्वविद्यालय के ग्रुप वाइस चांसलर के मकान पर कब्जा कर उनसे 50 लाख रुपए की रंगदारी मांगने वाले एक शातिर अपराधी को थाना फेस -2 पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। इसके खिलाफ दिल्ली तथा जनपद बरेली में भी कई मामले दर्ज हैं।थाना फेस-2 के थानाध्यक्ष सुजीत उपाध्याय ने बताया कि सेक्टर 92 में रहने वाले एक नामी यूनिवर्सिटी के ग्रुप वाइस चांसलर के चालक ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि हरचरण सिंह सरना पुत्र हेम सिंह नामक व्यक्ति उनसे 50 लाख रुपये की रंगदारी की मांग कर रहा है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है, कि गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ उत्तर प्रदेश के जनपद बरेली तथा दिल्ली में कई मामले दर्ज हैं।

### केवाईसी अपडेट करने के नाम पर साइबर ठगों ने खाते से निकाले 50 हजार रुपए

नोएडा (उप्र), (वीअ)। नोएडा के थाना सेक्टर 39 क्षेत्र के सेक्टर 37 में रहने वाली एक महिला के खाते से साइबर ठगों ने करीब 50 हजार रुपए निकाल लिया। थाना सेक्टर 39 के प्रभारी निरीक्षक आजाद सिंह तोमर ने बताया कि सेक्टर 37 में रहने वाली सुधा नेगी ने थाना सेक्टर 39 में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनके पति के मोबाइल फोन पर जुलाई माह में एक मैसेज आया कि उनके मोबाइल फोन का केवाईसी अपडेट नहीं है, इसलिए उनका फोन बंद किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पीड़िता ने मैसेज में दिए गए फोन नंबर पर संपर्क किया तो अपने आपको एयरटेल का कर्मचारी बताने वाले एक व्यक्ति ने उनसे केवाईसी अपडेट करने की एवज में 10 रूपए ऑनलाइन पेमेंट करने के लिए कहा। उन्होंने बताया कि महिला ने जैसे ही 10 रुपए ऑनलाइन पेमेंट किया, साइबर ठग ने उनके खाते को हैक कर लिया, तथा 2 बार में करीब 50 हजार रुपए निकाल लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### नोएडा : दो शराब तस्कर गिरफ्तार, 13 पेटी अवैध शराब बरामद

नोएडा (उत्तर प्रदेश), (वीअ)। गौतमबुद्ध नगर थाना पुलिस ने पिछली रात गश्त के दौरान एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 13 पेटी अवैध शराब बरामद किया। वहीं एक अन्य घटना में थाना सेक्टर 49 पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से हरियाणा मार्क शराब जब्त किया है।पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बृहस्पतिवार की रात गश्ती दल को शराब तस्करी की सूचना मिली थी। उसपर कार्वाई करते हुए टीम ने गांव गढ़ी चौकखंडी के पास से सुरजीत को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 13 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद किया है।उन्होंने बताया कि आरोपी से पूछताछ के आधार पर उसके साथियों की तलाश की जा रही है।अधिकारी ने बताया कि एक अन्य घटना में थाना सेक्टर 49 पुलिस ने बीती रात अगाहपुर गांव के पास से जितेंद्र राजपूत को गिरफ्तार कर उसके पास से 20 पव्वा हरियाणा मार्का शराब जब्त किया। पुलिस दोनों मामलों में आगे की कार्वाई कर रही है।

### लड़कियों के साथ छेड़खानी के आरोप में तीन लोग गिरफ्तार

नोएडा (उत्तर प्रदेश), (वीअ)। गौतमबुद्ध नगर जिला पुलिस ने लड़कियों के साथ छेड़खानी के अलग-अलग मामलों में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना सेक्टर 20 के प्रभारी निरीक्षक मुनीष प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि सेक्टर 27 निवासी 15 वर्षीय किशोरी के साथ समीम नामक एक व्यक्ति ने उसका रास्ता रोककर अश्लील हरकत किया। उन्होंने बताया कि किशोरी की मां से मिली शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर पुलिस ने समीम को गिरफ्तार कर लिया है। चौहान ने बताया कि एक अन्य घटना में सेक्टर 27 में ही रहने वाली एक युवती के पूर्व परिचित कृपालु पंत ने घर में घुसकर उसके साथ जबरदस्ती करने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी पंत को गिरफ्तार कर लिया है। तीसरी घटना थाना ईकोटेक -3 क्षेत्र के कुलेसरा गांव की है। थाना ईकोटेक-3 के प्रभारी निरीक्षक भुवनेश कुमार ने बताया कि कुलेसरा गांव निवासी 18 वर्षीय युवती अपने घर से बाहर जा रही थी, तभी चौव्वालीस नामक युवक ने रास्ता रोककर उसके साथ अश्लील हरकत की। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस तीनों मामलों में आगे की कार्रवाई कर रही है।

# 5 labs raided for fake Covid testing in Kumbh

PNS ■ NEW DELHI

The Enforcement Directorate (ED) has conducted searches on the office premises of Novus Path Labs, DNA Labs, Max Corporate Services, Dr Lal Chandani Labs Pvt Ltd; and Nalwa Laboratories Pvt. Ltd. and residential premises of their Directors at Dehradun, Haridwar, Delhi, Noida and Hisar in connection with fake Covid testing scam during Kumbh Mela at Haridwar.

The ED had initiated a money laundering investigation on the basis of the FIR registered by Uttarakhand Police.

During the money laundering investigation, it was revealed that the said Labs were given the contract by Uttarakhand Government for conducting Rapid Antigen Test/RT-PCR test for Covid testing during the Kumbh Mela, 2021.

"These Labs hardly carried out any Covid test (Rapid Antigen Test and RT-PCR Test), but made fake entries for the Covid testing and raised bogus bills in order to earn illegal financial gains. An amount of ₹3.4 crore has already been received by them from Uttarakhand Government as part payment," the agency said in a statement.

Modus operandi used by these Labs was that these labs used single mobile number/false mobile number/single address/ same Specimen Referral Form (SRF) for multiple persons for showing the inflated numbers of Covid testing without actually doing the testing, it further said.

Investigation further revealed that testing was claimed to be done in the name of the persons, who never visited Kumbh Mela. Due to false negative testing by these Labs, positivity rate of Haridwar at that time was shown at 0.18 percent against the actual 5.3 percent.

During the search proceedings, ED has seized incriminating documents, bogus bills, laptops, mobile phones and property documents. Search has resulted in seizure of cash to the tune of Rs 30.9 lakh.

The searches continued till going to Press.

# CBI registers case against UPPSC ex-Controller of Examination

PNS ■ NEW DELHI

The CBI has registered a case against the then Controller of Examination and unknown public servants of Uttar Pradesh Public Service Commission (UPPSC) besides other unknown private persons on the allegations of irregularities, resulting in selection of some undeserving candidates through Additional Private Secretary Examination, 2010.

The agency on Friday conducted searches at the premises of the then Controller of Examination, at Lucknow, Prabhunath.

The UPPSC officials allegedly entered into conspiracy by abusing their official position.

"It was further alleged that UPPSC had advertised 250 posts of Additional Private Secretary (APS) for direct recruitment as APS-2010 through an advertisement dated 25.12.2010," the CBI said in a statement.

Last date of submission of the form was January 21, 2011 and final result was declared on October 3, 2017. It was also alleged that rules were violated with regard to relaxation of mistakes in Hindi Shorthand Test in order to favour certain candidates, it said.

The Commission had on June 15, 2015 had approved relaxation of 5 per cent errors in Hindi Shorthand Test, candidates who had committed mistakes up to 8% were also allegedly declared qualified for the third phase of the Examination under the Computer Knowledge Test, it alleged.

It was also alleged that the advertisement rules were relaxed for few candidates and were allowed to change their Computer Certificates.

# 2022 BMC elections: Maha BJP chief Patil meets Raj Thackeray

TN RAGHUNATHA ■ MUMBAI

With an apparent eye on the crucial 2022 Brihanmumbai Municipal Corporation (BMC) elections, Maharashtra BJP president Chandrakant Patil called on MNS chief and Prime Minister Narendra Modi's bitter critic Raj Thackeray at the latter's residence here on Friday.

Amid speculation doing rounds in the State political circles for the past few days, Patil drove to the MNS chief's residence "Krishna Kunj" residence near Shivaji Park in north-central Mumbai at around 11.30 am and spent 40 minutes with the latter.

